PUBLICATION NAME :	Samay Jagat
EDITION :	Bhopal
DATE :	23/02/2023
PAGE :	02

ईडीआईआई ने उद्यमिता पर 15वें द्विवार्षिक सम्मेलन का किया आयोजन

अहमदाबाद। भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान (एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया– ईडीआईआई) का पंद्रहवां द्विवार्षिक सम्मेलन बुधवार को संस्थान के परिसर में शुरू हुआ। उद्यमिता विषय को लेकर 24 फरवरी तक चलने वाले इस तीन दिवसीय सम्मेलन में शोधकर्ताओं, शिक्षाविदों और चिकित्सकों को उद्यमिता विकास के विभिन्न क्षेत्रों में अपने शोध अध्ययनों और निष्कर्षों को साझा करने के लिए एक मंच दिया जाएगा। सम्मेलन के दौरान, सोशल, हरित, महिला, कृषि, डिजिटल, एमएसएमई और समावेशी उद्यमिता जैसे विषयों पर 10 से अधिक देशों के स्कॉलर द्वारा 125 से अधिक पेपर और अध्ययन प्रस्तुत किए जाएंगे।